बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

पू.उ.प्र.अं./44/एसएलबीसी/जून 2018/३२५ 04.10.2018

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0) के समस्त सदस्यों को पत्र

महोदय/महोदया,

विषय :- राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की जून 2018 हेतु समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

कृपया राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की त्रैमासान्त जून 2018 को समाप्त तिमाही हेतु आयोजित बैठक दिनांक 24.08.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस क्रम में हम आपको अवगत कराना चाहते हैं कि कार्यवृत्त को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0) की वेबसाइट www.slbcup.com पर अपलोड कर दिया गया है।

आपसे अनुरोध है कि कृपया विभिन्न कार्य बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अद्यतन प्रगति हमें प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि तदनुसार आगामी बैठक में इसका समावेश किया जा सके।

भवदीय,

04/10/18

(डॉ0 राम जस यादव)
महाप्रबन्धक एवं संयोजक
राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0)

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, पूर्वी उ.प्र. अंचल, "बड़ौदा हाउस", वी–23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ –226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Eastern U.P. Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010
फोन/Phone:6677607 (GM), 6677609(Sectt.), 6677722(AGM), 6677721, 6677725 (Deptt.) फैक्स/Fax:0522-6677726, 6677732
ई–मेल/E-mail:slbc.up@bankofbaroda.co.in वेबसाइट/Website : www.slbcup.com

राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की जून 2018 तिमाही की बैठक दिनांक 24.08.2018 का कार्यवृत्त

राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ.प्र.) की जून 2018 त्रैमास की समीक्षा बैठक दिनांक 24.08.2018 को "महाराजा सयाजीराव गायकवाड सभागार", बड़ौदा हाउस, गोमती नगर, लखनऊ में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता श्री पी. एस. जयकुमार, प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, मुम्बई द्वारा की गयी।

बैठक में डॉ अनूप चन्द्र पाण्डेय, आई.ए.एस., मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन; श्री अमित अग्रवाल, आई.ए.एस., संयुक्त सचिव, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार; श्री के. रवीन्द्र नाइक, आई.ए.एस., आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग निदेशालय; श्री नवनीत सहगल, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव, के.वी.आई.बी.; श्री अजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ, श्री ए. के. सिंह, मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड की उपस्थिति प्रमुख रही। विभिन्न बैंको/वित्तीय संस्थाओ के वरिष्ठ कार्यपालकों तथा राज्य व केन्द्र सरकार के उच्चाधिकारियों ने भी इस बैठक मे सहभागिता की। बैठक मे भाग लेने वाले सहभागियों की सूची संलग्न है।

बैठक के प्रारम्भ मे श्री बी. एस. ढ़ाका, महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला :

1. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अग्रणी बैंक योजना को revamp किया गया है। दिनांक 06.04.2018 को जारी निर्देशों के अनुसार निम्न निर्देश निर्गत किये गये है
   - एक उच्च स्तरीय Steering Sub – Committee का गठन किया जाना। हमारे प्रदेश में अभी तक दो बैठकें दिनांक 23.07.2018 व 16.08.2018 को आयोजित की जा चुकी हैं।
   - इस कमेटी की बैठक में अग्रणी बैंक योजना को बेहतर बनाने के अंतर्गत सुझाए गए नये एजेण्डा व अभी तक रखे जा रहे एजेण्डा के समान एजेण्डा बिन्दुओं को तैयार किया गया। ऐसे नये एजेण्डा बिन्दुओं जिन पर विभिन्न हितधारकों यथा केन्द्र व राज्य सरकार, नाबार्ड, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाएं इत्यादि से इनपुट्स व डाटा की आवश्यकता है, पर भी चर्चा की गयी व सम्बन्धित एजेंसीज से आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया गया है।
   - भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में आज की बैठक का एजेण्डा अग्रणी बैंक योजना को बेहतर बनाने की संस्तुतियों के अंतर्गत तैयार कर प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें नये एजेण्डा बिन्दुओं पर भी उपलब्ध सूचना के अनुसार जानकारी समावेशित की गई है। सभी सम्बन्धित से अनुरोध किया गया कि कृपया अपने विभाग से सम्बन्धित वांछित सूचना हमें उपलब्ध कराकर सहयोग प्रदान करें।
   - साथ ही साथ Management of Strong MIS System of Data Flow at LBS fora and adhering to the time schedule of SLBC Meetings पर भी विशेष बल दिया गया है। इस कार्य हेतु तैयार की गई एक नई Sub-Committee के द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।

2. माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा सभी शहरी क्षेत्रों हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना का शुभारम्भ किया गया। एस.एल.बी.सी. की सभी बैठकों में इस योजना के क्रियांवयन के सम्बन्ध में चर्चा की जाती रही है। इस योजना हेतु हुडको एवं नेशनल हाउसिंग बैंक को नोडल एजेंसी के रूप में अधिकृत किया गया है। प्रदेश में मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन की अध्यक्षता में सूडा के संयोजन में गठित "राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति" की बैठको में इस योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की जा रही है। योजना के सफल क्रियांवयन हेतु सभी से अनुरोध है।

   उल्लेखनीय है कि गत 28 व 29 जुलाई 2018 को आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदेश में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार; माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश व अनेक संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में इस योजना के प्रभावी क्रियांवन पर ज़ोर दिया गया।

3. अवगत कराना है कि भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में U.P.S.R.L.M द्वारा विभिन्न बैंको से एक समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding MoU) किये जाने की प्रक्रिया काफी समय से प्रतीक्षित थी। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा दिनांक 16.08.2018 को यू.पी.एस.आर.एल.एम. के साथ प्रदेश का पहला MoU हस्ताक्षरित किया गया है। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विकास हेतु एग्रीजंक्शन योजना का क्रियांवयन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रदेश के प्रशिक्षित कृषि स्नातकों को बैंक द्वारा ऋण सुविधा प्रदान कर उन्हें उद्यमी बनाने की योजना है। बेरोज़गारी की समस्या दूर करने के साथ ही वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने की राष्ट्रीय प्राथमिकता व महत्वकांक्षी योजना में सहायक सिद्ध होगी। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा शीघ्र ही एग्रीजंक्शन योजनांतर्गत एक MoU किया जा रहा है।

4. प्रदेश में शाखा विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत बैंकिंग आउटलेट/ बैंक शाखा स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में रोडमैप तैयार करने हेतु एस.एल.बी.सी. (उ.प्र.) की उपसमिति बैंक ऑफ बड़ौदा के समंवय में गठित है जिसकी अभी तक -5- बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। प्रथम चरण में 5000 से अधिक जनसंख्या वाले -571- केन्द्रों को बैंक शाखा/बैंकिंग आउटलेट द्वारा आच्छादित किया जा चुका है। द्वितीय चरण में -5000- से अधिक आबादी वाले -1643- ऐसे केन्द्र चिन्हित किये गये हैं जिनमें उस केन्द्र पर कोई बैंक शाखा/ बैंकिंग आउटलेट मौजूद नहीं है।

   भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा निर्देशों दिनांक 05.06.2018 के प्रकाश में इन -1643- केन्द्रों की सूची पुन: सभी LDMs को Review हेतु इस आशय से भेजी गयी कि वे बैंक शाखा/ सीबीएस एनेबल्ड बैंकिंग आउटलेट खोलने हेतु सम्भावित केन्द्रों को DCC में अनुमोदन कराने के उपरांत बैंकों के मध्य अवंटन कर एस.एल.बी.सी. को अपनी संस्तुति सहित प्रेषित करेंगे ताकि एस.एल.बी.सी. द्वारा रोडमैप को अंतिम रूप दिया जा सके। अभी तक -71- जनपदों द्वारा वांछित सूचना का प्रेषण किया जा चुका है। अन्य -4- जनपदों यथा गाज़ियाबाद, गोरखपुर, महाराजगंज व फिरोज़ाबाद के अग्रणी बैंकों से अनुरोध है कि संदर्भित सूचना का शीघ्र प्रेषण सुनिश्चित करें।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में उपस्थित केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड एवं विभिन्न बैंको के वरिष्ठ कार्यपालक गणों का अभिवादन करते हुए श्री पी. एस. जयकुमार, प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा ने सर्वप्रथम समिति के समक्ष अपने अध्यक्षीय भाषण में विश्व, देश एवं प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों तथा प्रदेश में सम्पन्न विभिन्न कार्यक्रमों व उपलब्धियों से समिति को अवगत कराया जिसके सार बिन्दु निम्नवत है :

- भारत के समस्त राज्यों में उत्तर प्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था दूसरे स्थान पर है। वर्ष 2017-18 के राज्य के बजट के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद (GDP) रू 16.89 लाख करोड़ रहा। गत दिनों राज्य सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने एवं सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहल की है।
- समाज के अलग अलग वर्ग के लिए भिन्न भिन्न नीतियाँ तैयार कर प्रारम्भ की यथा कृषि नीति 2013, सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमिता नीति 2017, आधारभूत संरचना एवं औद्योगिक विकास नीति 2017, यूपी सोलर पॉवर नीति 2017, औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2017, यूपी खाद्य प्रसंस्करण औद्योगिक नीति 2017 आदि।
- राज्य सरकार प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर जैसे वाराणसी, कुशीनगर आदि में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों को निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- राज्य में अधिकतम संख्या में राष्ट्रीय राज मार्ग है। प्रदेश सरकार ने अभी रू 7500 करोड़ की लागत से नई दिल्ली – मेरठ एक्सप्रेस वे निर्मित किया। लखनऊ से प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों को जोड़ने के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे रू 11200 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन है।
- हाल ही में प्रदेश सरकार ने डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना की घोषणा की है। ये कॉरिडोर अलीगढ़ से बुन्देलखण्ड तक प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य प्रदेश के विशेष क्षेत्र में रक्षा सामग्री का उत्पादन करना है।
- प्रदेश में -5- महानगर मेट्रों रेल निर्माण के लिए चुने गये है।
- दिनांक 29.07.2018 को प्रदेश में औद्योगिक विकास हेतु Ground Breaking Ceremony सम्पन्न हुई जिसमें 81 परियोजनाओं में रू 61000 करोड़ निवेश किया जाना प्रस्तावित है। इसका शुभारम्भ माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया।
- दिनांक 10.08.2018 को लखनऊ में माननीय राष्ट्रपति महोदय ने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "एक जनपद एक उत्पाद" के सम्मेलन का शुभारम्भ किया। इस योजना के प्रारम्भ होते ही बैंको को निवेश के अवसर मिलेंगे तथा प्रदेश में बेरोजगार, युवाओं, कारीगरों को रोजगार मिलेगा जो कम से कम 5 लाख प्रति वर्ष होगा।
- भारत सरकार द्वारा संचालित ग्राम स्वराज अभियान द्वितीय चरण में प्रदेश के 5130 चिन्हित गाँवों को प्रधानमंत्री जन धन खातों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से परिपूर्ण किया गया।
- श्री जयकुमार ने समिति को जून 2018 को समाप्त तिमाही तक कुल जमा एवं निवेश से अवगत कराते हुए बताया कि मार्च 2018 से जून 2018 की अवधि में जमा में रू 15273.51 करोड़ की वृद्धि हुई लेकिन निवेश में रू 16072.16 करोड़ की गिरावट दर्ज हुई।
- भारतीय रिजर्व बैंक के प्राथमिकता प्राप्त, कृषि एवं कमजोर वर्ग हेतु निर्धारित Benchmark क्रमश: 40%, 18% एवं 10% के मुकाबले प्रदेश में इन्ही मदों मे क्रमश: 59.04%, 27.87% एवं 18.41% की प्रगति दर्ज हुई जो बैंको द्वारा इन मदों पर किये गये प्रयासों और उपलब्धियों को दर्शाता है।

बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उ.प्र. ZONAL OFF. (E.U.P. ZONE), LKO. अंचल कार्यालय (पूर्वांचल अंचल), लखनऊ

- वार्षिक लक्ष्य रू 2,29,656.41 के सापेक्ष प्रथम त्रैमास में रू 40182.36 करोड़ का निवेश कर 17.50% की उपलब्धि अर्जित हुई। उन्होंने सभी स्टेक होल्डर्स से निवेश को अधिकतम सीमा तक ले जाने एवं शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त हेतु बैंको को यथा सम्भव सहायता देने की अपील की।
- प्रथम चरण में 5000 से अधिक जनसंख्या वाले -571- केन्द्रों पर बैंकिंग आउटलेट/ शाखाएँ खुलने के बाद एस.एल.बी.सी. सब कमेटी द्वितीय चरण में अन्य -1643- गाँवों में बैंकिंग आउटलेट खोलने हेतु प्रयत्नशील है। आशा है कि शीघ्र ही इस कार्य को पूरा करने हेतु Final Roadmap तैयार कर लिया जायेगा।
- वित्तीय समावेशन देश की प्राथमिकता हैं तथा बैंको को अपनें उत्पाद बेचने एवं ग्राहक संख्या बढ़ाने का एक अच्छा अवसर है। इसके अंतर्गत विभिन्न वित्तीय कार्यक्रमों यथा अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना आदि के अन्तर्गत प्रदेश में बैंको द्वारा बडी संख्या में पंजीकरण कराये गये तथा प्रदेश का अखिल भारतीय स्तर पर अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मे प्रथम स्थान तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में द्वितीय स्थान बरकरार है। इसमे प्रदेश में कार्यरत 27628 बैंक मित्रो की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा इनका नेटवर्क और मजबूत करने की आवश्यकता है। भारत सरकार के दिशा निर्देशों के क्रम में प्रदेश में बैंक शाखाओं को आधार पंजीकरण, प्रविष्टिकरण एवं प्रमाणीकरण का अतिरिक्त कार्य सौपा गया है। इस क्रम में प्रदेश में 1804 बैंक शाखाएँ चिन्हित की गयी है जिसमें से 1600 शाखाएँ कार्य निष्पादित कर रही है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रदेश में समस्त बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता, ऋण परामर्शदाता के कार्यक्रमों को भी चला रहे है।
- प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित 39.00 लाख केसीसी के सापेक्ष प्रथम तिमाही में 12.40 लाख के.सी.सी. नये अथवा नवीनीकरण के माध्यम से जारी किये जा चुके है। सभी बैंको से अपेक्षा है कि समस्त अर्हता प्राप्त कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करें तथा समस्त के.सी.सी. धारको का नियमानुसार बीमा किया जाये।
- जून 2018 में ऋण जमा अनुपात 50.63% दर्ज हुआ जो मार्च 2018 के सापेक्ष 2.60% कम है। विभिन्न बैंको से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर यह ज्ञात हुआ कि यह ऋण जमा अनुपात में यह कमी ऋणियों द्वारा दी गई लिमिट का उपभोग न करना तथा वसूली अभियान में तेजी के कारण हुई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि एक जनपद एक उत्पाद योजना में बैंको द्वारा किये गये निवेश से ऋण जमा अनुपात राष्ट्रीय स्तर को छू सकेगा।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में अब तक रू 3405.24 करोड़ का निवेश हो चुका है। यह भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। भारत सरकार के निर्देशों का अनुपालन किये जाने की अपील की गयी। स्टैण्डअप इण्डिया योजना में प्रगति संतोषजनक नही है। बैंको से अपील की गयी कि इसका निराकरण कर इसमें लक्ष्य प्राप्ति के प्रयास किये जाये।
- अवगत कराया कि कृषि एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में बैंक ऋण की क्रमश: 66.09% एवं 64.04% वसूली हुई है जो गत वर्ष के समकाल की तुलना में क्रमश: 4.30% तथा 1.15% अधिक है। यद्यपि 858815 वसूली प्रमाण पत्र विभिन्न तहसीलों में निस्तारण हेतु लम्बित है, इन वसूली प्रमाण पत्रों में निहित राशि रू 5950.50 करोड़ है। हालाँकि सरफेसी एक्ट के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेटस के पास विचारार्थ आवेदनों की संख्या में कमी आई है, फिर भी ऐसे 1231 प्रकरण लम्बित है जिनकी 60 दिनों से अधिक की अवधि बीत चुकी है।

पुन: सभी बैंकर्स से अनुरोध है कि वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया एवं नाबार्ड द्वारा समय समय पर जारी सभी निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन किया जाये। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समस्त विभागों के मध्य सूचनाओं का आदान प्रदान पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से होना चाहिए ताकि एक विभाग को आने वाली कठिनाईयों को दूर किया जा सके तथा साधारण से साधारण व्यक्ति को भी उस प्रायोजित योजना का लाभ मिल सके।

अंत में उन्होंने प्रदेश सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, बैंको तथा वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रदान किये जा रहे सहयोग तथा मिलकर कार्य करने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

श्री अनूप चंद्र पांडेय, आई.ए.एस., मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ने एस.एल.बी.सी. की बैठक में उपस्थित होकर समिति के समक्ष अपने विचार एवं दिशा निर्देशों से सभी उपस्थित स्टेकहोल्डर्स से समय की मांग के अनुसार कार्य करने की बात कही। समिति के अध्यक्ष श्री पी.एस. जयकुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा को संबोधित कर सभी उपस्थित गणमान्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आज की समिति की बैठक मेरे लिए महत्वपूर्ण बैठक है क्योंकि उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक एवं महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा श्री बी. एस. ढ़ाका जी की इस माह सेवानिवृत्ति है तथा इस त्रैमास की आज होने वाली बैठक उनकी अंतिम बैठक है। श्री पाण्डेय जी ने समिति के समक्ष अपने विचार रखते हुए कहा कि मैं हर मीटिंग में काफी कुछ विभिन्न मुद्दों/ विषयों पर चर्चा करता रहा हूं लेकिन आज की मीटिंग में एजेण्डा पुस्तिका के

विषयों से सम्बन्धित सभी लोग उपस्थित हैं वह सब एजेण्डा के हर बिन्दु पर सार्थक करेंगे। मैं सिर्फ आज कई कार्यक्रमों से कुछ समय निकाल कर विशेष रूप से श्री ढ़ाका जी से मिलने, उन्हें उनकी सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देने आया हूं।

उन्होंने कहा कि मेरा और श्री ढ़ाका जी का लगभग 2 वर्षों का साथ रहा, मैं पहले भी, कई मीटिंग में आता रहा हूं तथा श्री ढाका जी मुझे हर मामले में काफी सहयोग करते रहे हैं। पुरानी स्मृतियों को कुरेदते हुए, श्री पाण्डेय जी ने कहा कि जब से ढ़ाका जी का साथ हुआ तब से कुछ ऐसे ऐसे काम आते रहे जिन्हें सिर्फ बैंकों के माध्यम से ही पूरा कर पाना संभव हो पाया। विधान सभा चुनाव उपरांत नई सरकार का गठन हुआ। नई सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसान कर्ज माफी का संकल्प लिया था। सरकार बनते ही सरकार ने किसान कर्ज माफी के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। श्री पाण्डेय जी ने समिति के समक्ष श्री ढ़ाका जी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऋण माफी योजना के सफल क्रियांवयन का श्रेय मैं श्री ढ़ाका जी को देता हूं। उन्होंने कहा देश के कई अन्य राज्यों द्वारा हमसे इस योजना को तैयार और कार्यांवयन के संबंध में जानकारी मांगी जा रही है। उन्होंने कहा मेरा श्री ढ़ाका जी के साथ बड़ा अच्छा सम्बन्ध रहा है। मुझे और सरकार को श्री ढ़ाका जी ने हमेशा सहयोग और साथ प्रदान किया। उन्होंने श्री ढ़ाका जी को कहा कि Glowing tribute to you आप जैसे अब तक कार्य करते रहे है आगे भी ऐसे ही करते रहिए।

संक्षेप में उन्होंने प्रदेश के विकास के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए –

- उन्होंने कहा कि ऋण जमा अनुपात की वृद्धि हेतु इन्वेस्टमेंट की Opportunities अत्यंत महत्व रखती है।
- उत्तर प्रदेश संसार का पाँचवा सबसे बड़ा राज्य है। ODOP योजना के माध्यम प्रदेश में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में भारी निवेश के नये रास्ते खुल गए हैं। योजनांतर्गत रू 1000 करोड़ के निवेश का लक्ष्य है। यह लक्ष्य बैंकों के योगदान के बिना पूरा नहीं किया जा सकता था।
- उन्होंने सभा को अवगत कराया कि प्रदेश सरकार की सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग ने कौशल विकास के क्षेत्र में अच्छा काम किया है। इण्डस्ट्रियल पॉलिसी को reframe किया गया है तथा Incentive Package revise किया गया है। देश के हर उद्यमी को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया है। उत्तर प्रदेश आज सर्वोत्तम औद्योगिक आधार भूत संरचना सम्पन्न राज्य है।
- Investors Summit की Ground Breaking Ceremony सम्पन्न हुई जिसमे रू. 62000 करोड़ के निवेश से शुरूआत हुई तथा 2.5 लाख रोजगार सृजित हुए। लगभग डेढ़ माह बाद पुन: Ground Breaking Ceremony कराया जाना प्रस्तावित है जिसमे रू 50000 करोड़ निवेश की उम्मीद है।
- अवगत कराया कि "एक जनपद एक उत्पाद" Investors Summit से बड़ा प्रोजेक्ट है। इससे 2 करोड़ कारीगर/ शिल्पकार जुड़े है। हमारे देश में अत्यंत योग्य कारीगर, शिल्पकार है। यदि चीन अपना उत्पाद विश्व में बेच सकता है तो हम भी कर सकते है बशर्ते हम अपने कारीगरों को निर्मित उत्पाद हेतु बाजार उपलब्ध कराये। इस हेतु शीघ्र ही AMZON से Tie- up करने की प्रक्रिया जारी है।
- ग्रेटर नोयडा में EXPO MART में हमारे उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए जगह की बात की है। हमने यहाँ शिल्पग्राम विकसित किया। मुख्यमंत्री जी की इच्छा है इसे दुनिया का सबसे अच्छा, सर्वोत्तम स्थान बना दो। हमारे यहां हर फील्ड का कारीगर है तथा दुनिया के अन्य देशो के मुकाबले हमारे कारीगर अच्छा उत्पाद बनाते हैं।

श्री अजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ने सभा को संबोधित कर समिति के समक्ष निम्नवत बिन्दुओं पर प्रकाश डाला :

- जनपदों में डी.एल.आर.सी और डी.सी.सी. की मीटिंग अभी भी एक ही दिन हो रही है। डी.सी.सी. और डी.एल.आर.सी. की मीटिंग नियमानुसार अलग-अलग दिनों में होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि जिलाधिकारी अलग-अलग निर्धारित बैठक में नहीं आ पाते हैं तो किसी एक बैठक में जिलाधिकारी तथा दूसरी में मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्षता कर सकते हैं। अभी भी शिकायतें प्राप्त हो रही है कि डी.सी.सी./डी.एल.आर.सी. बैठकों में स्थानीय जनप्रतिनिधि आमंत्रित नही किए जाते हैं। उन्हें अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाना चाहिए।
- वित्तीय साक्षरता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जब तक व्यक्ति वित्तीय साक्षरता का महत्व नहीं समझेगा तब तक किसी भी योजना का लाभ संबंधित व्यक्ति उठा नहीं पायेगा तथा योजनाएँ औपचारिकताएँ बनकर रह जायेंगी।
- माइक्रो इंश्योरेंस की समस्त योजनाएँ अत्यंत लाभकारी है। इनके अंतर्गत बैंक द्वारा लाखों व्यक्तियों का पंजीकरण करा लिया गया। चूँकि लाभार्थी को इन योजनाओं के बारे मे पूर्ण जानकारी नही होती है इसीलिए वह अगले वर्ष स्वेच्छा से नवीनीकरण नही कराता।

- एम.एस.एम.ई. क्षेत्र मे सुधार हेतु बैंकों द्वारा अधिक प्रयासो की आवश्यकता है। पूर्व में विमुद्रीकरण तथा जी.एस.टी. लागू होने के कारण नकारात्मक प्रभाव पड़ा लेकिन अब धीरे-धीरे धीमी गति से सुधार हो रहा है। सिडबी एम.एस.एम.ई. का मुख्य संस्थान है इनका उद्यमी मित्र पोर्टल का उपयोग एम.एस.एम.ई. का कार्य बढ़ाने में किया जा रहा है। एम.एस.एम.ई. पोर्टफोलियों को बेहतर बनाने आरसेटी संस्थान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अब तक आरसेटी से प्रशिक्षित व्यक्तियों को रोजगार मिलने की दर लगभग 19 से 20% है। आरसेटी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में गुणवत्ता बढ़ाकर इसमें अपना योगदान दें। प्रदेश सरकार नें जिला उद्योग केंन्द्रों में काफी सुधार किया है। जिला उद्योग केंद्र एम.एस.एम.ई. का पोर्टफोलियो बढ़ाने में अच्छी भूमिका निभा सकते है।

श्री अमित अग्रवाल, आई.ए.एस., संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली ने बैठक को संबोधित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा कि यह उनकी पहली बैठक है। प्रदेश के विकास में एस.एल.बी.सी., बैंकर्स तथा राज्य सरकार के विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर मेरा प्रयास होगा कि जिन भी मामलों में प्रयास चल रहे हैं उनमें जो भी सहायता की आवश्यकता होगी, यथासंभव प्रदान की जाएगी।

श्री के. रविंद्र नायक, आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग ने समिति को संबोधित करते हुए अपने विचार निम्नवत रखें :

प्रदेश में "एक जनपद एक उत्पाद" योजना का शुभारंभ रु. 1000 करोड़ के ऋण आवंटित कर किया गया जिसके लिए सभी बैंकर्स बधाई के पात्र हैं। यह योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य किसी भी उत्पाद का अंतिम निस्तारण कराना है अर्थात किसी भी उत्पाद के निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री जुटाने, ऋण उपलब्ध कराने, निर्माण के लिए तकनीकी सहायता दिलाने, उत्पाद की पैकिंग आदि के बाद उसकी बिक्री उपरांत नगदी प्राप्त कराना ही उत्पाद का पूर्ण संतृप्तीकरण है।

उन्होंने एम.एस.एम.ई. के लक्ष्यों को पुर्ननिर्धारण की बात कही क्योंकि आवंटित लक्ष्य रू 41000 करोड़ के सापेक्ष 30% से अधिक की उपलब्धि प्रथम त्रैमास में ही हासिल कर ली गयी है तथा रु 50000 करोड़ का प्रस्ताव पाइप लाइन में है। उद्यमी बैंकों से संपर्क साध रहे होंगे। डिफेंस कॉरिडोर के लिए अगले तीन माह मे लगभग रू 50000 करोड़ के निवेश की आवश्यकता है। पुन: मार्च 2019 तक रु 50000 करोड़ की आवश्यकता महसूस की जा रही है। कुल मिलाकर रू 1,50,000 करोड़ के निवेश की आवश्यकता है। उन्होंने अनुरोध किया कि एस.एल.बी.सी. द्वारा एम.एस.एम.ई. के लक्ष्यों का पुर्ननिर्धारण कर बैंको के मध्य आवंटित कर दिया जाये ताकि कोई बैंक शाखा किसी उद्यमी को यह कहकर वापस न करें कि उनकी शाखा ने 200% लक्ष्य पूर्ति कर ली है अब नहीं हो पाएगा।

उन्होंने CGTMSE में प्रभार संबंधी मुद्दा उठाया कि CGTMSE में कुछ बैंक ऋणी खाते से प्रभार वसूल रहे हैं तथा कुछ बैंक स्वयं वहन कर रहे हैं। आरबीआई से अनुरोध है कि इस संबंध में एक समान निर्देश निर्गत कराने की व्यवस्था करें।

उन्होंने प्राइवेट बैंकों तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में क्रमश: 19% तथा 10-12% की दर से ब्याज की गणना की बात उठाई तथा अपेक्षा की कि एक समान ब्याज दर हो तो अच्छा होगा। उन्होंने Sick Industries and their Rehabilitation को चिन्हित करने की बात कही। रूग्ण इकाईयों के पुनर्वास की जिला स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं होती है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओ.डी.ओ.पी. मार्जिन मनी योजना में रू 2000 करोड निवेश की आवश्यकता है इसके लिए रू 100 से 125 करोड़ की व्यवस्था सरकार द्वारा की गयी है। इन सब बातों के मद्देनजर एम.एस.एम.ई. के लक्ष्य रू 1,00,000 करोड़ किया जाना तर्कसंगत एवं न्याय संगत है।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबन्धक श्री ए. के. सिंह ने अपने विचार निम्नवत व्यक्त किए :

- हाल ही में समाचार पत्रों, टेलीविजन पर नीति आयोग के उप सभापति (Vice chairman) श्री राजीव कुमार द्वारा एक सर्वे रिपोर्ट प्रकाशित एवं प्रसारित की गयी। सर्वे रिपोर्ट NAFIS रिपोर्ट के नाम से जानी गयी, ये NABARD – All India Rural Financial Survey Report है।

- 29 प्रदेशों के 245 जनपदों पर किये गये सर्वे में कम कृषि जोत के बावजूद कृषि की औसत घरेलू आय को बढ़ाने का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि सामान्यत: दो प्रकार के सर्वे अभी तक होते आए है। एक सर्वे Credit Situation Assessment Survey दूसरा सर्वे All India Debt and Investment Suvey भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया जाता है। यह सर्वे दोनो प्रकार के सर्वेक्षणों की आवश्यकता पूरी करता है। इसमें जीवन यापन तथा वित्तीय समावेशन दोनो ही विषयों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने सभी बैंको, सरकारी संस्थाओं एवं एस.एल.बी.सी. का आह्वाहन किया कि इस सर्वे की अनुसंशा के अनुरूप अपना अपना सक्रिय योगदान दें।

- उन्होंने फरवरी 2016 में प्रधानमंत्री की किसानों की आय दुगनी करने की संकल्पना के पश्चात इस सम्बन्ध में अप्रैल 2016 में "दलवई कमेटी" का जिक्र किया। इस समय तक किसानों की आय का कोई मानक नही था। वर्ष 2012-13 तक तीन वर्षो के अंतराल पर किसानों की आय में 39% की वृद्धि हुई यह एक सकारात्मक पहलू था। भारत में औसत कृषि आय रू 8931 प्रति माह तथा गैर कृषि आधारित औसत आय रू 7269 है। जहाँ पंजाब की घरेलू आय रू 23133 जो सर्वाधिक है तथा उ.प्र. न्यूनतम स्तर पर है जो रू 6668 है। वर्ष 2012-13 के एन.एस.एस.ओ. सर्वे के अनुसार कृषि आधारित आय 60% थी, इसमें दो प्रमुख संघटक हैं यथा खेती एवं पशुपालन दलवई कमेटी ने इसे वर्ष 2015-16 में 69% से 80% तक बढ़ाने की बात कही थी लेकिन वर्ष 2015-16 में यह 60% से घटकर 43% रह गई जिसमें कृषि से आय 35% तथा पशुपालन से 8% रही। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हमें अपना कार्य बढ़ाने की आवश्यकता है। इसे बढ़ाने के लिए भारत में कृषि कार्य करने वाले लोगों की/ घरों की भी संख्या बढ़ानी होगी जो यहाँ 50% से भी कम यानि 48% है।
- उन्होंने इस वर्ष के यूनियन बजट का हवाला देते हुए अवगत कराया कि स्वयं सहायता समूह में इस वित्तीय वर्ष में रू 75,000 करोड़ निवेश किये जाये। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या के हिसाब से प्रदेश में रू 75000 करोड़ का 16% निवेश एस.एच.जी में कार्यरत एसएचजी की संख्या के हिसाब से इसका शेयर 5% होता है। इस अनुसार प्रदेश में लगभग रू 4000 से 12000 करोड़ का निवेश अपेक्षित है। अब तक सिर्फ रू 123 करोड़ एस.एच.जी. को उपलब्ध कराए गए हैं उन्होंने अवगत कराया कि नाबार्ड द्वारा SHG के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक वेब पोर्टल बनाया गया है जिसमें एस.एच.जी. की बुक कीपिंग का ब्यौरा उपलब्ध है तथा सभी बैंकों को लॉगिन पासवर्ड उपलब्ध करा दिए गए हैं। हर बैंक में शाखा प्रबंधक एस.एच.जी. की गुणवत्ता की रेटिंग देख सकता है। तदनुसार एस.एच.जी. को क्रेडिट लिंकेज कराया जा सकता है।
- इस वर्ष 39 लाख किसान क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य है तथा प्रथम तिमाही में 12 लाख के.सी.सी जारी हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश मे6 2.40 करोड़ किसान है इसमें से 90 लाख किसान के.सी.सी अर्थात बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े नहीं है। उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय से किये गये अनुरोध के फलस्वरूप जून माह में कृषि विभाग द्वारा कृषि ऋण हेतु चलाये गये सघन अभियान के परिणामस्वरूप 7 लाख किसानों की औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी है। पुनः अनुरोध कर 90 लाख कृषकों को केसीसी उपलब्ध करा कर बैंक से जोड़ने की योजना है।
- देश की प्रगति के लिए ऋण जमानुपात महत्वपूर्ण स्थान रखता है। चिंता का विषय है कि विगत 27 महीनों में जहां पहले 40% से कम ऋण जमानुपात वाले 12 जनपद थे वही अब उनकी संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इसमें सुधार हेतु सघन प्रयासों की आवश्यकता है।

गणमान्य अतिथियों के सम्बोधन के उपरांत पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत स्थिति प्रस्तुत की गयी –

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की जून तिमाही की बैठक में Revamped Lead Bank Scheme के अनुसार निर्धारित एजेंडा पर राज्य के संकेतकों के प्रदर्शन के पश्चात बिंदुवार चर्चा की गयी। समिति को अवगत कराया गया कि प्रदेश के 97814 से अधिक गांवों में लगभग 18400 बैंक शाखा, 27000 व्यवसाय प्रतिनिधि एवं 19000 ATM के द्वारा बेसिक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। श्री अमित अग्रवाल, संयुक्त सचिव, वित्त मंत्रालय ने व्यवसाय प्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान दिशा निर्देशों के अनुसार सभी सुविधाओं सहित बैंकिंग आउटलेट एक शाखा के समान है तथा बैंक प्रतिनिधि की कार्य प्रणाली तथा कार्य का स्थान इस प्रकार का हो कि उसकी उपस्थिति से ग्राहकों को महसूस हो कि वह एक बैंक शाखा में कार्य हेतु आए हैं किसी एजेंण्ट के पास नहीं। बैंक अपने व्यवसाय प्रतिनिधि को यदि चाहे तो बैंक का लोगो (LOGO) प्रयोग करने की अनुमति दे सकते हैं ताकि बैंक ग्राहकों को भी भरोसा हो सके कि वह किसी बैंक विशेष के ग्राहक हैं तथा बैंक विशेष उन्हें सेवा प्रदान कर रहा है। सरकार के बैंकिंग आउटलेट की जानकारी व्यवसाय प्रतिनिधि के नाम फोटो सहित बैंक शाखा के अंदर सूचना पर प्रदर्शित रहे तो ग्राहकों को कोई असुविधा नहीं होगी। उन्होंने श्री देवाशीष पाण्डा, सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग, नई दिल्ली द्वारा बैंकों के साथ की गई बैठक का स्मरण दिलाया जिसमें उन्होंने सभी बैंको को Business Correspondents के 31.08.2018 तक रोलआउट करने के निर्देश दिए थे। श्री अग्रवाल जी ने आशा व्यक्त की कि कार्य समय-सीमा में पूरा कर लिया जाएगा।

चर्चा के दौरान क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ने सुझाव दिया कि बिजनेश कॉरेसपाण्डेंट व बैंकिंग आउटलेट एक महत्वपूर्ण कार्य बिन्दु हो गया है। अतः आगे की मीटिंग में बी.सी. के स्थान पर बैंकिंग आउटलेट की समीक्षा की जाये। कितने बी.सी. एक्टिव है इनकी संख्या जानने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव मिले। श्री पी.एस. जयकुमार, प्रबन्ध निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने सुझाव दिया हम बी.सी. को Transaction wise कमीशन पेमेंट करते हैं। कमीशन देने से बी.सी. के एक्टिव होने की पुष्टि की जा सकती है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की दिनांक 14.06.2018 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :

विगत बैठक दिनांक 14.06.2018 के कार्यबिन्दु एवं कार्यवृत्त जो सभी सदस्यों को प्रेषित किया गया था, की सदन द्वारा पुष्टि की गयी। श्री ए.के. सिंह, मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड ने सुझाव दिया कि कृषि ऋण के स्थान पर कृषि सावधि ऋण का शेयर बढ़ाये जाये।

कार्यसूची संख्या – 1

वित्तीय समावेशन पहल की समीक्षा, बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार और वित्तीय साक्षरता

(क) बैंक रहित गांवों में बैंकिंग आउटलेट एवं बैंकरहित ग्रामीण केंद्रों (यूआरसी) में सीबीएस, इनेबल्ड बैंकिंग आउटलेट खोलने की स्थिति

समिति को अवगत कराया गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा के समन्वय में एक उपसमिति बनी है। इसकी अंतिम बैठक मई 2018 में हुई थी। वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने दिसंबर 2017 में एनआईसी सर्वे की रिपोर्ट एसएलबीसी को प्रेषित की थी जिसके अनुसार -44- केंद्र चिन्हित किए गए थे जहां कोई बैंक शाखा/ बैंकिंग आउटलेट नहीं थे। श्री अमित अग्रवाल जी ने समिति को अवगत कराया कि यह केंद्र ऐसे है जिनके 5 किलोमीटर की परिधि में कोई बैंक शाखा/ बैंकिंग आउटलेट नहीं है। शाखाओं की अनुपलब्धता -3- प्रकार से आंकलित की गयी थी।

1. भौगोलिक दृष्टि से जिसमें 5 किलोमीटर की परिधि के अंतर्गत
2. कनेक्टिविटी के आधार पर जिसमें Grey Area तथा Dark Area चिन्हित किये गये
3. बी.सी. के Active तथा Inactive होने के आधार पर

उक्त सन्दर्भित -44- केन्द्रों में से -33- केंद्रों पर बैंकिंग आउटलेट स्थापित कर दिये गये हैं। अक्टूबर 2018 तक सभी केंद्रो के बैंकिंग सुविधा से युक्त होने की संभावना है।

वित्तीय समावेशन

1. प्रधानमंत्री जन धन योजना (पी. एम. जे. डी. वाई.)

दिनांक 15.08.2014 को प्रारम्भ की गई योजना में अबतक 4.91 करोड़ खाते खोले जा चुके है। इनमें से 4.42 करोड़ सक्रिय खातों में राशि जमा हुई तथा रूपे कार्ड जारी किये जा चुके है। 82.70% खातों में आधार सीडिंग की जा चुकी है। व्यवसाय प्रतिनिधियों को Aadhaar Enabled Payment System से सम्बन्धित उपकरण उपलब्ध की जा चुकी है।
प्रधानमंत्री जनधन खातों की संख्या एवं सक्रिय खातों मे जारी रूपे कार्ड की समीक्षा हुई एवं निश्चय किया गया कि खातो की संख्या एवं रूपे डेबिट कार्ड की संख्या में समानता रहे।

2. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पी.एम.जे.जे.बी.वाई.) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पी.एम.एस.बी.वाई.) एवं अटल पेंशन योजना (ए.पी.वाई.)

भारत सरकार द्वारा प्रायोजित सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाएँ यथा "प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना" व "प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना" के अंतर्गत प्रदेश में बैंको द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया गया है। सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त दावों के निस्तारण पर बैंको, बीमा कम्पनियों मे त्वरित गति से कार्य करने का निर्णय लिया गया। सदन को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में प्रदेश पूरे भारत में प्रथम स्थान पर है तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में द्वितीय स्थान पर है।

3. अटल पेंशन योजना

अटल पेंशन योजना, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पेंशन योजना है। इसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र, प्राइवेट सेक्टर एवं स्वरोजगारी व्यक्तियों को 60 वर्ष की आयु उपरांत उन्हें पेंशन उपलब्ध कराना है। अवगत कराया गया कि PFRDA द्वारा समय समय पर इस योजना के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न अभियान चलाये गये जिसमें सभी सदस्य बैंको ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। हमारे प्रदेश ने पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

4. सम्भावनाशील जनपद (Aspirational Districts)

भारत सरकार द्वारा देश में -115- पिछड़े जनपदों को Aspirational Districts परिभाषित किया गया है तथा चयनित विकास आवश्यकताओं को पूरा कर उनके सर्वांगीण विकास हेतु चिन्हित किया गया है। इन -115- जनपदों में से -8- जनपद यथा

चित्रकूट, सोनभद्र, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती (इलाहाबाद बैंक), फतेहपुर (बैंक ऑफ बड़ौदा), सिद्धार्थनगर (भारतीय स्टेट बैंक) व चन्दौली (यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया) हमारे प्रदेश से सम्बन्धित हैं। वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इन चिन्हित जनपदों में वित्तीय समावेशन के अंतर्गत प्रगति की निगरानी हेतु निर्धारित -5- मानकों व प्रत्येक मानक हेतु केपीआई (Key Performance Indicator) से अवगत कराया गया था। इन जनपदों में बैंकों द्वारा अर्जित प्रगति पर भी चर्चा हुई तथा ग्राम स्वराज अभियान - द्वितीय चरण में जनधन खातों, जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा योजना आदि के माध्यम से संतृप्तिकरण की प्रगति समिति के समक्ष लाई गई।

(ख) बैंक मित्रों के संचालन की समीक्षा - बाधाएँ एवं मुद्दे

प्रदेश में लगभग 27290 व्यवसाय प्रतिनिधि कार्यरत है। विश्वास है कि सभी बैंको की शाखाओं में इनका विवरण प्रदर्शित होगा। सभी बैंक शाखाओं से अपेक्षित है कि वह इस कार्य को शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण कर लें।

(ग) डिजिटल बैंकिंग – प्रदेश में डिजिटल मोड से भुगतान में वृद्धि, कनेक्टिविटी समस्याएँ आदि

विमुद्रीकरण के पश्चात कैशलेस लेन देन को बढ़ावा देने हेतु बैंको ने आधार युक्त जमा भुगतान एवं रूपे कार्ड आधारित जमा भुगतान शुरू किया है। साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंको द्वारा मोबाइल बैंकिंग, यू.पी.आई. (Unified Payment Gateway); भीम (Bhim) इत्यादि सुविधाएँ भी उपलब्ध करायी जा रही है।

बैंको को अपने स्तर पर इलेक्ट्रानिकली ट्रांजेक्शन यथा एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी.एस./आई.एम.पी.एस. क्रेडिट व डेबिट कार्ड, पांइट ऑफ सेल, आधार आदि से पूर्ण करना है। वर्ष 2018 के 200 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध जून 2018 तक लगभग 160.84 करोड़ संव्यवहार हो चुके हैं।

(घ) प्रत्यक्ष बेनिफिट स्थानांतरण के रोलआउट, आधार सीडिंग एवं अधिप्रमाणन की स्थिति

प्रदेश में 1804 बैंक शाखाएँ चिन्हित की गई जिसमें 1600 केन्द्रो पर आधार पंजीकरण का कार्य चल रहा है। आधार कार्यालय से उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि पिछले हफ्तों में देखा गया कि 1313 आधार पंजीकरण केंद्र (शाखाओं) में ही आधार पंजीकरण हो रहा है।

(ड) वित्तीय साक्षरता - स्कूल पाठ्यक्रम में वित्तीय शिक्षा को शामिल करने की समीक्षा, बैंकों द्वारा वित्तीय साक्षरता पहल (विशेष रूप से डिजिटल वित्तीय साक्षरता)

सदन को अवगत कराया गया कि प्रदेश में अंगीकृत -9649- स्कूलो में -9326- प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर अब तक -477272- विद्यार्थियों को साक्षरता प्रदान की गयी।

(च) विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी, सुविधाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना फसल बीमा, नवीकरणीय ऊर्जा

बैंको द्वारा वगत कराया गया कि विभिन्न माध्यमों, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

(छ) आपूर्ति श्रृंखला में सभी हितधारकों को शामिल करने वाली परियोजनाओं के अंत तक प्रयासों की समीक्षा

यह एक नई संकल्पना उभरकर आई है। इसमें सभी सम्मानित सहभागियों से सहयोग की अपेक्षा की गयी।

कार्यसूची संख्या 2
बैंकों द्वारा क्रेडिट वितरण की समीक्षा

(क) प्रदेश के वार्षिक ऋण योजना एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के तहत उपलब्धि

समिति के समक्ष प्रथम त्रैमास हेतु प्रगति प्रस्तुत की गयी जिसके अनुसार आवंटित लक्ष्यों रू 229656.41 करोड़ के सापेक्ष रू. 40182.36 करोड़ की उपलब्धि (17.50%) से अवगत कराया गया। चर्चा के दौरान यह बात भी सामने आई कि गत वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश कृषि ऋण मोचन योजना 2017 के क्रियांवयन पर बैंको द्वारा अधिक प्रयास किये गये है।

अन्य कृषि व्यवसाय सम्बन्धित योजनाएँ

1. भारत के पूर्वी प्रदेशों में भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही हरित क्रांति योजना के अंतर्गत कृषि ऋण प्रवाह की समीक्षा

सदन को अवगत कराया गया कि प्रदेश के -28- पूर्वी जनपदों में इस योजना का क्रियांवयन किया जा रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के समंवय एस.एल.बी.सी. की उपसमिति अपनी नियमित त्रैमासिक बैठकों में इस योजना की विस्तृत समीक्षा करती है।

2. एग्रीक्लीनिक/ एग्रीबिज़नेस केन्द्र

सदन को अवगत कराया गया कि बैंकों द्वारा एग्री क्लीनिक/ एग्री बिजनेस केंद्रों के लिए 173 मामलों में ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं।

3. ग्रामीण भंडारण हेतु कैपिटल इन्वेस्टमेंट सब्सिडी योजना

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों के भण्डारण हेतु गोदामों के निर्माण, नवीनीकरण अथवा भण्डारण क्षमता के विस्तार हेतु यह योजना लागू की गयी है। योजनांतर्गत कार्यवाही हेतु बैंकर्स से अनुरोध किया गया।

(ख) सरकार प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रवाह एवं इन योजनाओं का प्रभाव

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (National Rural Livelihood Mission-NRLM)

योजना 39 जनपदों में 250 विकासखंडों में सघन रूप से चल रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने State NRLM के साथ एक समझौता ज्ञापन निष्पादित किया है तथा अन्य बैंक एवं ग्रामीण बैंक भी इस ओर अग्रसर है।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (National Urban Livelihood Mission- NULM)

भारत सरकार द्वारा प्रायोजित शहरी क्षेत्रों के लिए ग्रामीण गरीबी उन्मूलन हेतु संचालित योजना है। इसके व्यक्तिगत तथा समूह हेतु निर्धारित लक्ष्य क्रमश: 12237 तथा 522 है तथा सभी संबंधित सम्बन्धित को प्रेषित कर दिए गए हैं। योजनांतर्गत दर्ज अद्यतन प्रगति से सदन को अवगत कराया गया।

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम

